नकली देशी घी और नकली सामान बनाने तथा बेचने वाली गैंग पकड़ी

जयपुर पुलिस ने गिरोह के मुख्य सरगना समेत चार बदमाशों को दबोचा

जयपुर (कासं)। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (सीएसटी) और सांगानेर सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकली देशी घी और विभिन्न कंपनियों के नकली उत्पाद बनाने और बेचने वाले मुख्य आरोपित सहित चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने कार्रवाई के दौरान मौके से 25 लाख रुपये कीमत के लगभग 225 लीटर नकली देशी घी विभिन्न ब्रांड (सरस, अमूल, कृष्णा, लोट्स, महान), लगभग 9 हजार 500 नहाने के नकली साबुन की टिकिया (गादे रेज नम्बर 01, डिटॉल), नकली गोल्ड फ्लैक सिगरेट के 2 हजार 226 पैकेट, नकली आयोडेक्स बाम 10 53 डिब्बियां सहित इसके अलावा भारी मात्रा में नकली सर्फ एक्सेल, डिटर्जेंट पाउडर व पाउच, बीडी, विक्स वेपोरब, ईनो, माहेश्वरी चाय, कोलगेट व क्लोज अप टूथपेस्ट, फेयर एण्ड लवली, वैसलीन बॉडी लोशन, तानसेन पान मसाला, फेवीक्विक, लेवल, रेफर, कार्टून, बारदाना, नकली सामान बनाने व पैकिंग में प्रयुक्त सामग्री, मशीनरी व उपकरण जब्त किए गए है। यह कार्रवाई थाना इलाके में स्थित सचिवालय नगर के एक मकान में की गई है।

जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम और सांगानेर सदर पुलिस ने नकली देशी घी और विभिन्न कंपनियों के नकली उत्पाद बनाने और बेचने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार किया।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि सीएसटी और सांगानेर सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकली देशी घी और विभिन्न कंपनियों के नकली उत्पाद बनाने और बेचने वाले मुख्य आरोपित मनीष कुमार गुप्ता (46) निवासी टोंक हाल प्रताप नगर जयपुर, नावेद खान (21) निवासी टोंक,मन सैन (19) निवासी टोंक और शंकर लाल शर्मा (48) निवासी मुहाना जयपुर को गिरफ्तार किया गया है।

जिनके पास से 25 लाख रुपये कीमत के लगभग 225 लीटर नकली देशी घी विभिन्न ब्रांड सहित अन्य सामान जब्त किया गया है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

वनस्पति घी और बटर से बना रहे थे नकली घी

- **स्वास्थ्य टीम ने सांगानेर स्थित कारखाने पर छापा माकर सरस-अमूल और कृष्णा जैसे ब्रांड के रैपर और कच्चा माल जब्त किया**
- **इसके अलावा भी अलग-अलग ब्रांड के घी के पैकेट भी बरामद**

जयपुर । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय और सांगानेर थाना पुलिस में शुक्रवार को सांगानेर एरिया में एक नकली घी बनाने के कारखाने पर छापा मारते हुए बड़ी संख्या में सरस, अमूल और कृष्णा जैसे अलग-अलग ब्रांड के रैपर और कच्चा माल मिला है। इसके अलावा बड़ी संख्या में तैयार अलग-अलग ब्रांड के घी के पैकेट भी बरामद किए हैं। कार्यवाही के दौरान इस फैक्ट्री संचालक मौके पर नहीं मिला। जिसे अब पुलिस तलाश कर रही है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया पुलिस को मिली सूचना के बाद स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय टीम और पुलिस की संयुक्त टीम ने वाटिका रोड स्थित सचिवालय नगर में एक मकान में छापा मारते हुए सरस ब्रांड के 500 एमएल के 12 पैकेट तैयार घी, 1 लीटर के 4 पैकेट, महान ब्रांड का 1 लीटर के 10 पैकेट, लोटस ब्रांड के 500 एमएल के 26 पैकेट, अमूल ब्रांड के एक लीटर के 36 पैकेट, कृष्णा ब्रांड के 500 एमएल का एक और 200 एमएल के 6 पैकेट मिले। इसके अलावा इन ब्रांड के नाम से बारकोड, स्टिकर, रैपर समेत अन्य चीजें बरामद हुई।

डॉ. मित्तल ने बताया कि इस कारखाने में वनस्पति घी और उसमें बटर समेत अन्य चीजें मिलाकर घी तैयार किया जा रहा था। इसे बाजार से आने वाली मांग के अनुरूप तैयार करके भेजने का काम किया जाता था। इसके अलावा यहां अन्य चीजें जैसे इनो, नकली विक्स, वाशिंक पाउडर, साबुन भी बरामद किए गए। कार्यवाही के दौरान इस फैक्ट्री संचालक मौके पर नहीं मिला, जिसे अब पुलिस तलाश कर रही है।

बी.एस.एन.एल. ऑफिस में स्वतंत्रता दिवस मनाया

जयपुर । आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर बीएसएनएल के राजस्थान परिमंडल कार्यालय जयपुर में स्वतंत्रता दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राजस्थान परिमंडल के मुख्य महाप्रबन्धक विक्रम मालवीय ने ध्वजारोहण किया। विक्रम मालवीय ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम नमन करते हैं, श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हैं उन सब वीर शहीदों को जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर भारत को आजादी दिलाई और हमें आज यह दिन देखने का सौभाग्य प्रदान किया। आपने बीएसएनएल के सभी कार्मिकों को और उनके परिवार कोस्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें दी। उन्होंने इस अवसर पर उल्लेखनीय कार्य करने वालेबीएसएनएल केअधिकारियों तथा

कर्मचारियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर डाक विभाग के चीफ पोस्ट मास्टर जनरल कर्नल सुशील कुमार एवं निदेशक डाकसेवाएँ अनुब्रता दास तथा बीएसएनएलएवं डाक विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में कर्मचारीगण उपस्थित थे।

उद्योगों के अनुरूप पाठ्यक्रम में बदलाव करने पर चर्चा

जयपुर (कासं)। राजस्थान कौशल एवं राजीविका विकास निगम के अतिरिक्त मुख्य सचिव संदीप वर्मा ने आईटीआई के उन्नयन और उद्योगों की आवश्यकता के अनुसार पाठ्यक्रम में सुधार पर चर्चा के लिए सीआईआई उद्योग प्रतिनिधिमंडल के साथ एक बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान, सीआईआई प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने भारत सरकार की पुरानी योजना के तहत अपनाए गए आईटीआई में अपने अनुभव और चिंताओं को साझा किया और समाधान के उपाय सुझाए।

प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त मुख्य सचिव को सुझाव दिया कि सरकार को क्षेत्र-विशिष्ट कौशल केंद्रों को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे स्किल वर्कफोर्स को रोजगार के लिए तैयार किया जा सके। वर्तमान में, उद्योग की आवश्यकता के अनुसार छात्र उपलब्ध नहीं हैं और आईटीआई में चल रहे व्यवसाय उद्योग की आवश्यकता के अनुरूप नहीं हैं, इसलिए बेरोजगारी दर बहुत अधिक है। संदीप वर्मा ने कहा कि इन स्किल सेन्टर्स का उद्देश्य तकनीकी रूप से कुशल कार्यबल विकसित करना होना चाहिए, जिसमें युवाओं को नौकरी पर प्रशिक्षण देकर उन्हें नवीनतम मशीनों से परिचित कराना शामिल हो, जिनका उपयोग वे पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद कर सकेंगे। वर्मा ने भारत सरकार की प्रस्तावित राष्ट्रीय आईटीआई उन्नयन योजना पर भी प्रतिनिधिमंडल से सुझाव मांगे। उन्होंने बताया कि इस योजना को चरणबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया जाएगा, जिसमें चयनित आईटीआई, चार अन्य निकटवर्ती आईटीआई के लिए केंद्र बिंदु के रूप में कार्य करेंगे और सभी पाँच आईटीआई विकास योजनाओं को, चयनित उद्योग साझेदारों के साथ साझेदारी में विकसित विशेष प्रयोजन वाहन से अंतिम रूप दिया जाएगा। यह उद्योग की जरूरत को ध्यान में रखते हुए कुशल कार्यबल विकसित करेगा।

राष्ट्र भक्ति गीतों पर थिरके छात्र-छात्राएं

जयपुर । जयपुर स्थित एबीएन अकेडमी में स्वंतत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि खगुल कृष्ण भारद्वाज (आध्यात्मिक प्रवक्ता) और सत्यचित्त पुष्पानन्द सामाजिक विकास संस्था की सचिव रीता पाठक भारद्वाज रहे, जबकि समाज सेविका मंजू गोयल विशिष्ट अतिथि रही। जिन्होंने सर्वप्रथम ध्वजारोहण किया, तत्पश्चात सैकड़ों बच्चों के साथ राष्ट्रगान किया गया।

एबीएन अकेडमी के प्रबंध निदेशक चौधरी भंवर सिंह व प्रधानाचार्या बीना सिंह के नेतृत्व में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अतिथियों को तिलक चन्दन लगाकर अभिनन्दन किया। छात्र-छात्राओं ने मनोहारी राष्ट्र भक्ति फिल्मी गीतों पर थिरक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। इसके अलावा कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरा वातावरण राष्ट्र भक्ति में डुबो दिया। मुख्य अतिथि खगुल कृष्ण भारद्वाज ने अपने उद्बोधन में उपस्थित बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि देश की भावी पीढ़ी को देश पर मर मिटने शहीदों के आदर्श को अपनाना होगा, जिन्होंने अपने निज जीवन को प्राथमिकता न देते हुए प्रथमत: देश के उत्थान में अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। समारोह के अंत में प्रतिभागी बच्चों को अतिथिगणों ने आकर्षक उपहार भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन बरखा सिंह ने किया ।

आध्यात्मिक प्रवक्ता खगुल कृष्ण भारद्वाज ने स्वतंत्रता दिवस पर ए.बी.एन. अकेडमी में बच्चों को पुरस्कृत किया।

हरिश्चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान (ओटीएस) में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमा, उल्लास और भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ । समारोह में अतिरिक्त मुख्य सचिव और संस्थान की महानिदेशक श्रेया गुहा ने ध्वजारोहण किया। गुहा ने सभी को स्वाधीनता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन हमें राष्ट्र की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों की याद दिलाता है। इस अवसर पर संस्थान के अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) श्री जय सिंह, रिटायर्ड आई.ए.एस. अधिकारी एस.एस. बिस्सा सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

जन्माष्टमी पर शहर में भव्य शोभायात्रा

जयपुर। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शनिवार को जयपुर में यादव समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान परकोटे के बाजार नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की से गुंजायमान हो गए। यात्रा के संबंध में भाजपा नेता और पूर्व चेयरमैन अजय यादव ने बताया कि यादव युवक मंडल जयपुर की ओर से शनिवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें शोभायात्रा उनियारा के रास्ते स्थित सीतारामजी का मंदिर से प्रारंभ होकर नाहरगढ़ थाना, छोटी चौपड़, बड़ी चौपड़ होते हुए रामगंज घोषियों के रास्ते में पहुंची। इस दौरान शोभायात्रा में भगवान श्री कृष्ण की मनमोहक झांकी सजाई गई। लाव लश्कर, हाथी, घोड़े, ऊंट और बग्घियों से सुशोभित यात्रा में बडी संख्या में महिलाएं और पुरुष भाग लिया। इस दौरान शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। महिलाओं ने केसरिया साफा बांध कर भाग लिया। पूर्व चेयरमैन अजय यादव ने बताया कि शोभायात्रा को कनक बिहारी मंदिर महंत सियाराम दास जी महाराज घाट के बालाजी महंत सुदर्शनाचार्य जी महाराज बालकृष्ण शास्त्री महाराज

विधायक गोपाल शर्मा, भाजपा शहर अध्यक्ष अमित गोयल नगर निगम जयपुर हैरिटेज कुसुम यादव भाजपा किशनपोल विधायक प्रत्याशी चंद्र मनोहर बटवाड़ा रवि नैय्यर ने आरती उतार कर शोभायात्रा को प्रारंभ किया। महापौर कुसुम यादव ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण के बनाए नियमों की पालना से ही जीवन सार्थक हो सकता है। इसलिए हमें उनके बताए रस्ते पर चलना चाहिए। शोभायात्रा का रामगंज बाजार में मुस्लिम समुदाय ने भी पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

नया प्रत्यक्ष कर विधेयक, टैक्स प्रणाली को सरल व पारदर्शी बनायेगा : सी.ए. भंसाली

जयपुर (कासं)। राजस्थान चार्टर्ड अकाउंटेंट्स सोसायटी के अध्यक्ष सीए सुधीर भंसाली ने कहा कि नया प्रत्यक्ष कर विधेयक, टैक्स प्रणाली को सरल, पारदर्शी और अधिक आधुनिक बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

उन्होंने बताया कि इस विधेयक में पुरानी जटिल भाषा को हटाकर प्रावधानों को सरल और स्पष्ट रूप में प्रस्तुत किया गया है। टेबलर फॉर्म और नए ड्राफ्ट से करदाताओं को विभिन्न धाराओं को समझना पहले की अपेक्षा कहीं अधिक सहज होगा। इससे न केवल करदाताओं को सुविधा होगी, बल्कि पेशेवरों को भी अनुपालन सरलता से कराने में मदद मिलेगी। भंसाली ने कहा कि यह

सीए सुधीर भंसाली

विधेयक व्यापार और उद्योग जगत के लिए राहत की दिशा में महत्वपूर्ण शुरुआत है। सरलीकरण से छोटे और मध्यम करदाताओं को भी कानून को समझने और अपने दायित्व निभाने में आसानी होगी। डिजिटलीकरण और फेसलेस असेसमेंट जैसे प्रावधान पारदर्शिता को और मजबूत करेंगे तथा अनावश्यक विवादों को कम करेंगे।

उन्होंने आगे कहा कि कर प्रणाली को सरल बनाने की यह पहल निश्चित रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देगी और निवेश माहौल को और अधिक अनुकूल बनाएगी। समाज के प्रत्येक वर्ग-चाहे वह वेतनभोगी हो, प्रोफेशनल हो या व्यापारी-को इस विधेयक से लाभ होगा। भंसाली ने इस पहल को सरकार की दूरदर्शिता और करदाताओं के हित में उठाया गया स्वागत योग्य कदम बताया।

15 अगस्त सिर्फ एक तारीख नहीं, बल्कि हमारी एकता, संघर्ष और बलिदान की याद का दिन : डॉ. समित शर्मा

जयपुर । स्वतंत्रता दिवस का पर्व पशुपालन विभाग में गरिमा और उत्साह के साथ मनाया गया। शासन सचिव पशुपालन, गोपालन और मत्स्य डॉ समित शर्मा ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर विभाग के परिसर में झंडारोहण किया। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें हमारे राष्ट्रीय पर्व पर तिरंगे के नीचे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होना चाहिए।

डॉ. शर्मा ने कहा कि 15 अगस्त सिर्फ एक तारीख भर नहीं है बल्कि यह हमारी एकता, संघर्ष और बलिदान की याद दिलाने वाला दिन है। हर भारतीय के लिए गौरव का दिन है। यह वह तारीख है जो हमें सिखाती है कि कठिन से

डॉ. समित शर्मा

कठिन हालात में भी सही फैसले और एकजुटता से कोई भी बदलाव संभव है। उन्होंने कहा कि हम अपने आस पास के देशों को देखें तो हमें हमारी स्वतंत्रता की अहमियत पता चलेगी। एक तरफ वे देश वर्षों से युद्ध की विभीषिका झेल रहे हैं और हमारा देश आज लोकतांत्रिक देश है जहां शांति और विकास है।

उन्होंने कहा कि आज का दिन उन सभी महापुरुषों को नमन करने का दिन है जिनकी वजह से हमें ये स्वतंत्रता मिली। स्वतंत्रता विकास के लिए बहुत आवश्यक है। स्वतंत्रता और स्वच्छंदता में बहुत बारीक सा अंतर है। स्वतंत्रता हमें आगे ले जाती है और स्वच्छंदता पीछे की ओर धकेलती है। डॉ शर्मा ने कहा कि अनुशासन रूपी डोर से बंधे होने से ही हमारा समाज, प्रदेश और देश तरक्की की उंचाइयों को छुएगा। हमें भी अपने विभाग को इसी अनुशासन में बांध कर रखना है। स्वतंत्रता का सम्मान करना और इसे बचाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी और कर्तव्य है। पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. आनंद सेजरा ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन अपने उन वीर जवानों को भी नमन करने का दिन है जो हमें आजादी की हवा में रहने का मौका देने के लिए सरहद पर अपने प्राणों की परवाह किए बिना मुस्तैदी से डटे रहते हैं। इस अवसर पर देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति भी दी गई। शासन सचिव ने अपनी मधुर आवाज में देश भक्ति गीत प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने पशुपालन, गोपालन और मत्स्य पालन विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर शासन सचिव के नेत्त्व में झंडा यात्रा भी निकाली गई।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक का सिर धड़ से अलग हुआ

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । कानोता इलाके में ट्रेन की चपेट में आने से युवक सिर धड़ से अलग हो गया था। जानकारी के अनुसार ट्रेन की टक्कर से शरीर पर रगड़ के भी निशान मिले। सूचना मिलने पर जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है।

जीआरपी पुलिस ने बताया कि कानोता रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पड़ा मिला। लहूलुहान हालत में सिर से अलग धड़ पड़ी लाश मिलने का पता चलने पर स्थानीय लोगों में सनसनी फैल गई। लोगों की भीड़ लगने पर स्टेशन मास्टर ने पुलिस को लाश पड़े होने की सूचना दी। जीआरपी ने सूचना पर पहुंचकर मौका-मुआयना किया। मृतक की पहचान के प्रयास करने पर भी शिनाख्त नहीं हो सकी।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हॉस्पिटल की मोर्चरी भिजवाया।

पुलिस का कहना है कि मृतक की उम्र करीब 22 साल की है। जिसकी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई है। ट्रेन से टकराने से धड़ से सिर अलग हो गया।

बायां हाथ कंधे से कटा हुआ है। पूरे शरीर पर जगह-जगह रगड़ के निशान है। कलाई पर अंग्रेजी में डीपीएमबी लिखा है। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है।

सार-समाचार

मालावात ने किया कार्मिकों का सम्मान

जयपुर । निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) वासुदेव मालावत ने शुक्रवार को आईसीडीएस मुख्यालय जयपुर में 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया। मालावत ने इस अवसर पर राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन करने का आव्हान किया और कहा कि हम सभी को राष्ट्र गौरव बढ़ाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करना चाहिए। आईसीडीएस निदेशक ने इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सहायक निदेशक प्रशिक्षण जिज्ञासा शर्मा, महिला पर्यवेक्षक अरविन्दर पाल कौर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विमला बैरवा, अनिता कुमारी को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने समाज कल्याण छात्रावास की बालिकाओं को उपहार स्वरूप शैक्षिणक सामग्री भी दी। इस अवसर अतिरिक्त निदेशक मेघराज मीणा, अलका विश्नोई, उपनिदेशक बनवारीलाल सिनसिनवार सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

आशीष मोदी ने किया ध्वजारोहण

जयपुर । सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव आशीष मोदी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को मुख्यालय अंबेडकर भवन में ध्वजारोहण किया। राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद मोदी ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि यह हमारे कर्तव्यों, अनुशासन और राष्ट्र सेवा के संकल्प को और अधिक मजबूत करने का अवसर है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की और सभी से राष्ट्र की प्रगति में सक्रिय योगदान देने का आ ान किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और मिठाई वितरण के साथ हुआ। इस अवसर पर आयुक्त विशेष योग्यजन केसरलाल मीना, अतिरिक्त निदेशक हरिसिंह मीना, रीना शर्मा, सुंडाराम मीना, उपनिदेशक दीपाली भागोतिया, अतिरिक्त निदेशक अशोक जांगिड़, अरविंद सैनी सहित अधिकारीगण और कार्मिक उपस्थित रहे।

हॉलमार्क स्कूल में जन्माष्टमी मनाई

जयपुर (कासं)। हॉलमार्क इंटरनेशनल स्कूल में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में बच्चों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और झांकियों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप का जीवंत चित्रण किया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण की झलकियाँ पेश कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेष आकर्षण रहे ईशान श्रीमाल, जिन्होंने कान्हा का रूप धारण कर अपनी अदाओं और भोलेपन से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े प्रसंगों को प्रस्तुत किया। नटखट कान्हा के रूप में छोटे-छोटे बच्चों का मनमोहक अभिनय देखकर अभिभावक और शिक्षक सभी भाव-विभोर हो उठे।

'फाउंटेन स्क्वायर' ने मनाया आजादी पर्व

जयपुर । ''फाउंटेन स्क्वेयर '' के निवासियों द्वारा 15 अगस्त को 79 वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सोसाइटी के निवासियों द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर बच्चों में पर्यावरण के प्रति प्रेम जाग्रत करने के उद्देश्य से उन्हें पौधे वितरित किए गए। विशेष बात यह रही कि सभी निवासियों ने मानव श्रृंखला के माध्यम से ''79'' की आकृति को उकेरा ।

हर्षोल्लास से मनाया तीज उत्सव

जयपुर । सारस्वत महिला मंडल जिला जयपुर के तत्वावधान में तीज महोत्सव रंगारंग आयोजन के साथ के साथ वैशाली नगर के होटल राजवाड़ा पैलेस में सम्पन्न हुआ। हर्षोल्लास और सांस्कृतिक उत्साह के साथ महिलाओं ने नृत्य, गीत, संगीत प्रहसन सहित हर इवेंट में उत्साह पूर्वक भाग लेकर सभी का दिल जीत लिया। सारस्वत महिला मंडल जिला जयपुर की अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने बताया कि भगवान गणेश की पूजा अर्चना के साथ संपन्न तीज उत्सव में महिलाओं ने रंग बिरंगे परिधानों में सज्ज धज्ज कर भाग लिया। इस अवसर पर मिसेज तीज सहित डांस, रैंप वॉक आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। तीज क्वीन का ख़िताब मोनिका गोस्वामी ने अपने नाम किया। बेस्ट रैंप वॉक प्रीति ओझा, द्वितीय स्थान प्रियंका शुक्ला तथा तृतीय प्रिया शर्मा ने हासिल किया। डांस में प्रथम स्थान प्रगति सारस्वत, द्वित्तीय रविका शर्मा तथा तृतीय स्थान ख्याति शर्मा ने प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं की निर्णायक सारस्वत महिला मंडल जिला जयपुर की प्रचार मंत्री डॉक्टर मिनिता ओझा तथा महामंत्री सुनीता उपाध्याय थी। सभी विजेताओं को पुरस्कार तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। प्रारम्भ में सभी महिलाओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

''एक पेड़ तिरंगे के नाम'' कार्यक्रम आयोजित

जयपुर । स्वतंत्रता दिवस पर प्लान्टेशन बोर्ड (पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद इकाई-भारत) और जैन सोशल ग्रुप मुहाना मानसरोवर की ओर से पार्श्वनाथ जैन मंदिर मुहाना में झंडारोहण एवं पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य 'एक पेड़ तिरंगे के नाम' अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाना और आज़ादी के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करना था। प्लान्टेशन बोर्ड के चेयरमैन सर्वेश्वर शर्मा ने कहा कि, प्रधानमंत्री मोदी की 'एक पेड़ माँ के नाम' मुहिम से प्रेरित होकर आज 79वें स्वतंत्रता दिवस पर हमने एक पेड़ तिरंगे के नाम समर्पित किया है। कार्यक्रम में प्लान्टेशन बोर्ड के निदेशक प्रवीण शर्मा, जयपुर जिला प्रमुख अधिकारी विजेंद्र सिंह, जिला उपप्रमुख अधिकारी सुनील बोहरा, आध्यात्मिक चिकित्सक तरुण माथुर, समाजसेवी अभिषेक शर्मा, और राजस्थली से आशीष गोरा मौजूद रहे। जैन सोशल ग्रुप के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार जैन शाह ने सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के मंत्री सुनील कुमार जैन ने कुशलता से किया।